Dainik Bhaskar - Indore

एनएमआईएमएस की नेशनल मीडिएशन प्रतियोगिता में 30 लॉ कॉलेज शामिल हुए

लॉ फील्ड में मीडिएशन की मांग, सीखी स्किल्स

सिटी रिपोर्टर • इंदौर

एनएमआईएमएस के स्कूल ऑफ लॉ में तृतीय राष्ट्रीय मध्यस्थता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस बार प्रतियोगिता का थीम ईएसजी यानी पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन से जुड़ा रहा। इसमें देशभर के 30 लॉ कॉलेजों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का निर्णय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त महाधिवक्ता राहुल सेठी ने किया। इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स से साफ कहा कि विधि व्यवसाय में आगे बढ़ना है तो रोज 14-15 घंटे काम करने की तैयारी रखनी होगी। उनके साथ कोचर एंड कंपनी के एसोसिएट पार्टनर नचिकेता गोयल और वाधवा एंड कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर शिवम वाधवा भी जज पैनल में शामिल रहे।

कॉम्पिटिशन में देशभर के प्रमुख संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। नतीजों में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय की नित्या मुद्गल और सलोनी रावल की जोड़ी ने बेस्ट मीडिएटर का खिताब जीता। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ओडिशा की टीम रनर-अप रही। कार्यक्रम के दौरान कैंपस निदेशक डॉ. अंशुमान जसवाल, अरविंद बांठिया और अजय बांकड़ा भी मौजूद रहे। सागर जैन ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल स्किल्स सीखने का मौका देती हैं।